## Zwischenprüfung im Hauptfach am 18.8.2009

### Sprachen und Kulturen des neuzeitlichen Südasiens

120 Minuten

1. Übersetzen Sie den folgenden Text, entnommen S. 111f. des Werkes बतरस von अमृत राय (इलाहाबाद: हंस प्रकाशन १९७३). Sie können ein Wörterbuch Hindi-Deutsch oder ein Wörterbuch Hindi-Englisch zusammen mit einem Wörterbuch Englisch-Deutsch verwenden. **91**

हर चीज़ उपयोगी नहीं हुआ करती। बल्कि सच पूछिए तो कोई भी अच्छी चीज़, सुंदर चीज़, स्वादिष्ट चीज़, मार्मिक चीज़ उपयोगी नहीं होती। कभी नहीं होती। अकेले आम ही क्यों, कुछ भी नहीं। गुलाब के फूल की आख़िर क्या उपयोगिता है? देसी गुलाब का तो जैसे गुलकंद बन सकता है, दूसरे पाँच हज़ार गुलाबों का तो, जो देसी गुलाबों से बदर्जाह ज़्यादा ख़ूबसूरत होते हैं, गुलकंद भी नहीं बन सकता। फिर क्या उपयोगिता है उनकी ...? ताहम पंडित जवाहर लाल को पसंद थे यही विलायती गुलाब जिनका गुलकंद बनना तो दूर रहा, जिनमें ख़ुशबू भी नहीं होती, बस रंग। कभी किसी ने उनकी शेरवानी या सदरी के बटनहोल में देसी गुलाब की कली न देखी होगी। आख़िर क्यों? कोई तो वजह होगी?

छोड़िए, गुलाब को भी छोड़िए। सुंदर गोलमटोल बच्चे को लीजिए – लेते ही तो वह मूत देता है आप पर और आपके अच्छे भले इस्तरी किये हुए रपारप कपड़े नास हो जाते हैं – क्या उपयोगिता है उसकी? बुढ़ापे का सहारा? अंधे की लकड़ी? कौन बाप ऐसा उल्लू का पठ्ठा है जो यह समझकर अपने बच्चे को प्यार करता है? लेकिन मान लो अपने बच्चे से आदमी को यह आसरा हो भी, पड़ोसी के बच्चे से क्या आसरा रहता है जो वह तमाम जोखिम उठाते हुए लपककर उसे गोद में उठा लेता है?

Übersetzungshilfen: मार्मिक: gehaltvoll; eindrucksvoll – आम bezeichnet hier die Frucht – गुलकंद: aus Rosenblütenblättern hergestellte Süßigkeit – बदर्जाह: so viel mehr; in so hohem Maße – जवाहर लाल: Jawaharlal Nehru, erster indischer Premierminister – शेरवानी. Gehrock – सदरी: Jacke – बटनहोल: engl. *buttonhole* – गोलमटोल: klein und dick – रपारप: (hier:) knisternd – उल्लू का पठ्ठा = उल्लू (का) पट्ठा – जो ist hier Konjunktion.

2. Was sagt der Autor mit diesen Beispielen über das menschliche Verhalten aus? **5**

3. Was müssen wir in methodischer Hinsicht bei der Analyse von menschlichen Verhaltensweisen berücksichtigen, wenn das zutrifft, was der Autor sagt? **4**